Nav Bharat Times (Hindi)

Page.No. 02 (Gzb.) Date. 17 Jan 2019

सेमिनार का आयोजन

■ एनबीटी न्यूज, मेरठ रोडः आईटीएस सेंटर फॉर डेंटल स्टडीज एंड रिसर्च में बेसिक लाइफ सपोर्ट पर दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। अमेरिकन हार्ट असोसिएशन के सहयोग से आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन वॉइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने किया। असोसिएशन के अधिकारियों ने शिक्षकों और स्टूडेंट्स को इसका प्रशिक्षण दिया। अर्पित चड्ढा ने कहा कि इस प्रशिक्षण के बाद को हार्ट संबंधी आपात स्थिति और अन्य चिकित्सा स्थितियों में मरीज के जीवन की रक्षा की जा सकेगी और उन्हें अकस्मात मौत से बचाया जा सकेगा।

निवाण टाइम्स
Page No. 05 (Gzb. City) Date: 17 Jan. 2019

आईटीएस कॉलेज में बेसिक लाइफ सपोर्ट कार्यशाला का आयोजन

निवाण टाइम्स संवाददाता

मुरादनगर। आईटीएस डेंटल कॉलेज में बेसिक लाइफ सपोर्ट कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर आईटीएस एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा ने कहा कि आईटीएस सेंटर फॉर डेन्टल स्टडीज एंड रिसर्च मुरादनगर की स्थापना सन 2000 में की गई थी। इसका उद्देश्य सभी मरीजों को बिना किसी भेदभाव के उच्च गुणवत्ता का ईलाज मरीजों को दिया जा सके।

गाजियाबाद क्षेत्र में यह केवल एक मात्र दंत चिकित्सा केंद्र है जो कि चिकित्सा की बढ़ती मांग को पूरा करता है। यहां बीडीएस तथा एमडीएस की शिक्षा दी जाती है। ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने कहा कि इस कैम्पस मे आधुनिक तकनीक जैसे कैड-कैम, सीबीसीटी, लेजर, फेशियल पेन क्लीनिक, इम्प्लान्ट सेन्टर एवं एडवांस रिसर्च सेन्टर आदि की सुविधाएं उपलब्ध है। गत वर्षों के भांति इस बार भी संजीवन क्रिया बेसिक लाइफ सपोर्ट एवं अन्य आपातकालीन परिस्थितियों पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

संजीवन क्रिया एवं अन्य आपातकालीन परिस्थितियों का प्रशिक्षण सभी मेडिकल और पैरामेडिकल एसोसिएशन के लिए अनिवार्य है। अर्पित चड्ढा ने कहा कि उत्तम स्वास्थ्य प्रशिक्षण के लिए अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के सहयोग से इस कार्यशाला का अयोजन किया गया है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन बेसिक लाइफ सपोर्ट देने के लिए विश्वविख्यात है।